
## जरा याद इन्हें भी कर लो

- रामप्रसाद बिस्मिल
- राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी
- रोशन सिंह
- अशफ़ाक उल्ला खां
- शचीन्द्र नाथ सान्याल
- गोविन्द चरण कार
- मुकुन्दी लाल
- शचीन्द्र नाथ बख्शी
- मन्मथ नाथ गुप्त
- जोगेश चन्द्र चटर्जी
- रामकृष्ण खत्री
- राजकुमार सिन्हा
- सुरेश चन्द्र भट्टाचार्य
- विष्णुशरण दुबलिश
- प्रेम कृष्ण खन्ना
- रामदुलारे त्रिवेदी
- भूपेन्द्र नाथ सान्याल
- बनवारी लाल
- प्रणवेश कुमार चटर्जी
- रामनाथ पाण्डे
- हरगोविन्द
- शचीन्द्र नाथ बिश्वास
- दामोदर स्वरूप


## काकोरी ट्रेन एक्शन के नायक



शहीद रामप्रसाद बिस्मिल



शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी




शहीद रोशन सिंह



शहीद अशफ़ाक उल्ला खां



शहीद शचीन्द्रनाथ सान्याल



शहीद चन्द्रशेखर आजाद

**कार्यक्रम स्थल : काकोरी शहीद स्मारक, लखनऊ**

**दिनांक : 9 अगस्त, 2021**




# काकोरी ट्रेन एक्शन की वर्षगाँठ

के अवसर पर

## वीर शहीदों को नमन



### 9 अगस्त, 1925

# ऐतिहासिक दिन



स्वाधीनता संग्राम की एक ऐसी घटना जिसने अंग्रेजी सरकार को चुनौती दी। इतिहास के पन्नों पर यह घटना काकोरी ट्रेन एक्शन के नाम से अंकित है। ऐतिहासिक काकोरी ट्रेन एक्शन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारियों की ब्रिटिश राज के खिलाफ आजादी का बिगुल था। इस घटना का उद्देश्य ब्रिटिश हुकूमत से मोर्चा लेने के लिए क्रांतिकारियों द्वारा हथियार खरीदने की योजना थी। योजना का उद्देश्य अंग्रेजों का खजाना लूटकर हथियार खरीदना था। वर्ष 1925 में 9 अगस्त के दिन देश के अमर सपूतों ने इस ऐतिहासिक घटना को अंजाम दिया। काकोरी ट्रेन एक्शन के बाद जुटायी गई रकम से क्रान्तिकारियों ने अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए हथियार खरीदे। इस पूरी घटना को हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्यों ने नतीजे तक पहुंचाया था। घटना से पहले क्रांतिकारियों ने स्वतंत्रता आंदोलन को गति देने के लिये धन की तत्काल व्यवस्था के चलते शाहजहांपुर में बैठक की। जिसमें क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल मुख्य अगुवाकार थे। योजना के मुताबिक दल के प्रमुख सदस्य क्रांतिकारी राजेंद्र नाथ लाहिड़ी ने 9 अगस्त, 1925 को सहारनपुर से आकर लखनऊ के काकोरी रेलवे स्टेशन पर रुकी 'आठ डाउन सहारनपुर-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन' को चेन खींच कर रोका। क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में अशफ़ाक उल्ला खां, चंद्रशेखर आज़ाद व अन्य छह सहयोगी क्रांतिकारियों ने ट्रेन पर धावा बोलकर अंग्रेजी खजाना लूट लिया। इस घटना से बौखलायी अंग्रेजी सत्ता ने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के कुल 40 क्रांतिकारियों पर ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध सशस्त्र युद्ध छेड़ने, सरकारी खजाना लूटने व यात्रियों की हत्या करने का मुकदमा चलाया। जिसमें राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को मृत्यु-दण्ड (फांसी) की सजा सुनायी गयी। 16 अन्य क्रांतिकारियों को कम से कम चार वर्ष की सजा से लेकर अधिकतम काला पानी, आजीवन कारावास तक का दण्ड दिया गया।

# मुख्य आकर्षण

- **तिरंगा यात्रा :** शहीद स्मारक लखनऊ से काकोरी शहीद स्मारक तक
- **किस्सागोई :** काकोरी ट्रेन एक्शन की किस्सागोई प्रस्तुति, द्वारा श्री हिमांशु बाजपेयी
- **एकादश गौरव सम्मान :** स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के परिजनों का सम्मान
- **अभिलेख प्रदर्शनी व पुस्तिका विमोचन :** स्वतंत्रता आंदोलन- काकोरी घटना पर आधारित अभिलेख प्रदर्शनी व पुस्तिका का विमोचन
- **प्रदर्शनी व चित्रकला प्रतियोगिता :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित म्यूरल प्रदर्शनी व चित्रकला प्रतियोगिता
- **कथक नृत्य :** 'काकोरी ट्रेन एक्शन थीम'
- **बिरहा गायन :** लोक कलाकारों की जनश्रुतियों पर आधारित बिरहा लोकगीत की प्रस्तुति
- **वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन :** 'काकोरी ट्रेन एक्शन थीम' पर आधारित वृत्तचित्र फिल्म का प्रदर्शन




# अन्य आयोजन

- **निबंध प्रतियोगिता :**
  - 'राष्ट्रीय आंदोलन में क्रांतिकारियों की भूमिका'
  - 'क्रांतिकारी आंदोलन में राष्ट्रवाद की प्रेरणा'
  - 'राष्ट्रीय आंदोलन में किसानों की भूमिका'
- **आजादी के तराने (सांस्कृतिक कार्यक्रम) :** स्थानीय बोलियों में स्वतंत्रता की अलख जगाने वाले गीतों की सांगीतिक प्रस्तुतियां
- **भावांजलि उत्सव :** वीर सपूतों एवं वीरांगनाओं पर आधारित गायन-नृत्य प्रतियोगिता व ओज के स्वर, आजाद-ए-हिन्द सांस्कृतिक उत्सव
- **फोटो प्रतियोगिता-प्रदर्शनी व व्याख्यान :** स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों, शहीद स्थलों व घटनाओं पर आधारित ऑनलाइन फोटो प्रदर्शनी- प्रतियोगिता व व्याख्यान
- **ऑनलाइन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता :**
  - 'मैं भी गांधी',
  - 'महापुरुषों की वेषभूषा'
  - 'नन्हा-मुन्ना राही हूं-देश का सिपाही हूं'
- **काव्य पाठ प्रतियोगिता :** स्वतंत्रता आंदोलन पर आधारित काव्य पाठ प्रतियोगिता
- **कहानी लेखन :** स्वतंत्रता आंदोलन की प्रमुख घटनाओं पर आधारित कहानी लेखन प्रतियोगिता
- **राज्य गीत लेखन :** प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विरासत को प्रतिबिंबित करने वाले राज्य गीत लेखन प्रतियोगिता
- **नुक्कड़ नाटक :** आजादी के नायकों पर आधारित नाटक का प्रदेश के समस्त जनपदों में मंचन
- **छायाचित्र प्रदर्शनी :**

  ♦ प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 ♦ असहयोग आंदोलन ♦ सविनय अवज्ञा आंदोलन व भारत छोड़ो आंदोलन ♦ चौरी-चौरा के शहीदों पर ♦ भारतीय क्रांतिकारियों पर ♦ स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों पर ♦ भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन - बुंदेलखंड के विशेष संदर्भ में ♦ स्वतंत्रता आंदोलन- पूर्वांचल के विशेष संदर्भ में